TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

19 जुलाई 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन में सफलता का एकमात्र रास्ता सत्य का रास्ता है।

**मंगल पांडे**

**( क्रांतिकारी )**

**जन्म : 19 जुलाई 1827 मृत्यु : 08 अप्रैल 1857**



राकेश कुमार

मधु प्रिया

# बैंकों का राष्ट्रीयकरण 19 जुलाई




भारत में पहली बार बैंकों का राष्ट्रीयकरण 19 जुलाई 1969 में हुआ जिसके अंदर 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, दूसरा चरण 1980 में जब 6 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बैंकों के राष्ट्रीयकरण का अहम फैसला किया था। उन्होंने 19 जुलाई 1969 को 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया था। इन बैंकों पर अधिकतर बड़े औद्योगिक घरानों का कब्जा था। इसके बाद राष्ट्रीयकरण का दूसरा दौर 1980 में हुआ जिसके तहत सात और बैंकों को राष्ट्रीयकृत किया गया। पहले सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक ही राष्ट्रीयकृत था। इसका राष्ट्रीयकरण 1955 किया गया था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य वाणिज्य बैंकों की कार्यप्रणाली पर देश की विकास निर्भर करती है। इसलिए सरकार ने 1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। इसका उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं एवं सुविधाओं का विस्तार करना रहा है। जिससे किसानों और गरीबों तक बैंकों की पहुंच सुनिश्चित हो सके। ताकि पूंजीपतियों एवं साहूकारों पर कर्ज की निर्भरता कम हो सके। देश के आर्थिक विकास तेज करना दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण से पहले देश में आर्थिक विकास की गति धीमी थी। पूजी के अभाव में कल-कारखानों की स्थिति दयनीय थी। बेरोजगारी दूर करना प्रमुख उद्देश्य था। इससे शिक्षित बेरोजगारों को बैंकों के माध्यम से आर्थिक सहायता देकर स्वरोजगार और अन्य साधनों में वृद्धि किया जा सकता था। देश के कमजोर वर्गों को सहायता देना था। किसान, भूमिहीन मजदूर, शिक्षित बेरोजगारों, छोटे कामगारों को आर्थिक सहायता देकर आय में वृद्धि करना था। देश में बीमार उद्योगों को पुनर्जीवित करके नया लघु स्तरीय उद्योगों के नव निर्माण को बढ़ावा देना भी बैंकों के राष्ट्रीयकरण का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य था।

# जयंती विशेष 19 जुलाई




**मंगल पांडे** अथवा **मंगल पान्डेय** *Mungal Pandey* अथवा *Mangal Pandey*, जन्म: 19 जुलाई, 1827; मृत्यु: 8 अप्रैल, 1857) का नाम 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम' में अग्रणी योद्धाओं के रूप में लिया जाता है, जिनके द्वारा भड़काई गई क्रांति की ज्वाला से अंग्रेज़ ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बुरी तरह हिल गया था। मंगल पांडे की शहादत ने भारत में पहली क्रांति के बीज बोए थे।




राकेश कुमार

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार

## माह: July 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 05.07.2025 | बाढ़ से बचाव हेतु कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास साथ ही जल-जमाव से परेशानियाँ एवं उसके निदान |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 12.07.2025 | डूबने से बचाव की जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 19.07.2025 | हाथ धुलाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, आस-पास की साफ सफाई, कचरा प्रबंधन की जानकारी एवं अभ्यास |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 26.07.2025 | वज्रपात से बचाव की जानकारी  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

# TOB
# खेल कॉर्नर

## इंटरनेशनल क्रिकेट में जडेजा



**361**
मैच

**7018**
रन

**4**
शतक

**611**
विकेट

**11**
5-विकेट



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.07.2025


## खोजपूर्ण अधिगम


खोजपूर्ण अधिगम **(Discovery Learning)** एक शिक्षार्थी-केंद्रित शिक्षण विधि है जिसमें छात्रों को सक्रिय रूप से जानकारी खोजने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस विधि में, शिक्षक एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, छात्रों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे स्वयं प्रयोग करें, खोज करें और ज्ञान का निर्माण करें, बजाय इसके कि शिक्षक उन्हें सीधे जानकारी प्रदान करे।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मुंबई के ताज होटल की शुरुआत 1903 में हुई थी। पहले ही दिन सिर्फ 17 मेहमान पहुंचे थे और कुल कमाई हुई थी ₹10! उस वक्त एक कमरे का किराया ₹6 था। जो आज एक चाय के कप से भी कम है। ताज होटल की ये सादी शुरुआत, आज उसे दुनिया के सबसे लग्जरी होटलों में गिनती दिलाती है।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन
माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल।
रामधारी सिंह दिनकर
www.padyapankaj.teachersofbihar.org
Madhu priya


जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयंत विष्णु नार्लीकर
19 जुलाई 1938
Madhu priya
/teachersofbihar



# मंगल पांडे

की जयंती पर सादर नमन।

**जन्म-19 जुलाई 1827 - मृत्यु- 8 अप्रैल 1857**

Madhu priya